वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0 / डी0एस0डब्लू / 859 / 2023–24

दिनांक : 27.02.2023

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर के समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा सत्र 2022–23 में जिन छात्र / छात्राओं द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन फार्म भरा गया है। ऐसे छात्र / छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन फार्म में प्रदर्शित त्रुटियों के निराकरण हेतु सस्पेक्ट सूची जारी कर दी गयी है, सस्पेक्ट सूची जिला समाज कल्याण अधिकारी, जौनपुर / गाजीपुर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जौनपुर / गाजीपुर एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जौनपुर / गाजीपुर से प्राप्त कर छात्र / छात्राओं के नाम के सम्मुख प्रदर्शित त्रुटि से सम्बन्धित आवश्यक विवरण भर कर आवश्यक डाक्यूमेन्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी के कार्यालय में अतिशीघ्र जामा कर दे। जिससे छात्र / छात्राओं की छात्रवृत्ति से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण हो सके। किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु डी0एस0डब्लू कार्यालय के मो0 नं0 8052518136 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

Adm

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1–जिला समाज कल्याण अधिकारी, जौनपुर एवं गाजीपुर के सूचनार्थ।
2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–सहा0 कुलसचिव, छात्रवृत्ति के सूचनार्थ।
5–वेब प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वेब–साइट पर अविलम्ब अपलोड करने का कष्ट करें।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण